# रेशम की राजधानी बना नर्मदापुरम

▸ पहली बार एक ही जिले में चारों तरह के सिल्क का उत्पादन




**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 26 मई. नर्मदा किनारे बसा नर्मदापुरम अब सिर्फ अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन के लिए ही नहीं, बल्कि रेशम उत्पादन की नई क्रांति के लिए पूरे प्रदेश में पहचान बना रहा है. जिले ने ऐसा इतिहास रचा है, जो अब तक मप्र में कोई दूसरा जिला नहीं कर सका. मलबरी, टसर, ईरी और मूंगा रेशम की चारों प्रमुख प्रजातियों का उत्पादन कर नर्मदापुरम प्रदेश का पहला और एकमात्र सिल्क हब बन गया हैं.**

मालाखेड़ी, पचमढ़ी और मढ़ई के रेशम केंद्र हजारों किसानों और महिलाओं की जिंदगी बदल रहे हैं. खेतों से निकलने वाला रेशम अब देशभर के बाजारों में पहुंच रहा है. जिले के सिल्क उत्पादन अब बड़े ऑनलाइन प्लेटफार्म जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजन पर अपनी चमक बिखेर रहे हैं. मालाखेड़ी सिल्क कैंपस जिले का सबसे बड़ा रेशम केंद्र बनकर उभरा है. यहां रेशम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया-कीट पालन से लेकर धागा और वस्त्र निर्माण तक- एक ही परिसर में की जाती है। वर्ष 2025 में केंद्र में 742 किलोग्राम मलबरी सिल्क धागे का उत्पादन हुआ. रेशम उद्योग से महिलाओं को भी बड़े स्तर पर रोजगार मिला है. धागा निर्माण और ट्विस्टिंग कार्य से जुड़ी महिलाओं को लाखों रुपये की मजदूरी प्राप्त हुई है.

### यह खास

- मालाखेड़ी में तैयार प्राकृत ब्रांड की साड़ियां और परिधान शोरूम में भी बिक रहे हैं.
- पचमढ़ी रेशम केंद्र में 5 एकड़ क्षेत्र में मूंगा रेशम का पौधरोपण कर 500 नग ककून उत्पादन किया जा रहा है.
- मढ़ई रेशम उत्पादन केंद्र को सिल्क टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है. यहां पर्यटक रेशम पालन की प्रक्रिया देखने आते हैं.

### मध्यप्रदेश की पहली ककून मंडी

मालाखेड़ी में प्रदेश की पहली ककून मंडी संचालित हो रही है. यहां से हजारों किलोग्राम ककून पश्चिम बंगाल और कर्नाटक के व्यापारियों को भेजे गए, जिससे किसानों को लगभग 52 लाख रुपये की आय हुई. यहां तैयार हो रही प्राकृत ब्रांड की साडियां और परिधान लोगों को आकर्षित कर रहे हैं. पचमढ़ी में 5 एकड़ क्षेत्र में मूंगा रेशम का उत्पादन किया जा रहा है, जबकि मढ़ई को सिल्क टूरिज्म सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है. यहां पर्यटक रेशम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को करीब से देख सकते हैं. जिले में 16 मलबरी और 12 टसर रेशम केंद्र सक्रिय हैं। इन केंद्रों से हजारों किसान और स्थानीय महिलाएं जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं. वर्ष 2025 में जिले में 15 हजार किलोग्राम से अधिक मलबरी ककून उत्पादन दर्ज किया गया.

### अब रेशम से बन रहे मेडिकल उत्पाद

मालाखेड़ी रेशम विकास केंद्र में अब रेशम आधारित मेडिकल उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं. सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलिटेक्निक कॉलेज और निजी संस्थानों के सहयोग से पाउडर, क्रीम, सेरी बैंडेज और सिजेरियन बैंडेज जैसे उत्पाद बनाए जा रहे हैं. रेशम उद्योग ने जिले की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है. रोजगार के नए अवसर मिलने से लखपति दीदी अभियान को भी बल मिल रहा है. नर्मदापुरम की यह उपलब्धि न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक प्रेरणादायक मॉडल बनती जा रही है.

# पूर्व मंत्री पटेल के भाई धरने पर बैठे

## गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर जिला पंचायत पहुंचे किसान



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 26 मई. गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुक नहीं होने से नाराज पूर्व मंत्री कमल पटेल के भाई रामशंकर पटेल धरने पर बैठ गए. उन्होंने कहा- शासन किसानों की घोर उपेक्षा कर रहा है.समर्थन मूल्य पर गेहूं नहीं बिक रहा है. स्लॉट तक बुक नहीं हो रहे हैं.मूंग खरीदी को लेकर अनिश्चितता है.मक्का का समर्थन मूल्य मिल नहीं रहा है.भारी लापरवाही के कारण किसान बहुत ज्यादा परेशान हैं. अधिकारियों के समक्ष अपनी परेशानी रखने के लिए धरने पर बैठना पड़ा.स्लॉट बुकिंग की समस्या का समाधान हो.**

सुनवाई नहीं होने से नाराज कुछ किसान हाथों में कीटनाशक की बोतलें लेकर पहुंचे.उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्लॉट बुक नहीं हुए तो वे आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर होंगे. मंगलवार को करीब एक दर्जन गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर किसान जिला पंचायत परिसर पहुंचे.यहां अपनी समस्याओं लेकर नाराजगी जताई और जनसुनवाई कक्ष के बाहर बैठकर नारेबाजी की.

किसानों का कहना है कि हजारों से अधिक किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो पाए हैं, जिससे उनकी उपज की तुलाई नहीं हो रही.उन्होंने आरोप लगाया कि उनका पंजीयन तो हो गया, लेकिन स्लॉट बुक नहीं होने के कारण अब तक गेहूं की खरीदी शुरू नहीं हो सकी.किसानों के अनुसार हजारों क्विंटल गेहूं घरों और गोदामों में रखा हुआ है.प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा कि कुछ ही दिनों में बारिश शुरू हो जाएगी.यदि समय रहते गेहूं की खरीदी नहीं हुई तो उनकी उपज खराब हो सकती है, जिससे भारी आर्थिक नुकसान होगा.सूचना मिलने पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय और तहसीलदार राजेंद्र पंवार किसानों को समझाने पहुंचे.वहीं, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रोशनलाल भारती पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे.

### एक नजर में



**समेरिटंस स्कूल क्रिकेट में बना चैंपियन**

**नर्मदापुरम, 26 मई.** हाल ही में गोवा में आयोजित 10वीं स्पोर्ट्स टूरिज्म ऑफ़ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में समेरिटंस स्कूल के छात्रों ने सफलता का परचम लहराया. स्पर्धा में क्रिकेट में समेरिटंस की टीम चैंपियनशिप में विजेता रही. वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता रही .जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में भी उपविजेता रहने का गौरव हासिल किया. टीम के कोच की भूमिका में विनोद कुमार साहू रहे. प्रतियोगिता में क्रिकेट में बेस्ट बैट्समैन का खिताब अथर्व दीक्षित को मिला एवं मैन ऑफ द सीरीज नमन मीना को प्राप्त हुआ. वॉलीबॉल में दक्ष को बेस्ट डिफेंडर का खिताब मिला एवं कबड्डी में बेस्ट डिफेंडर का किताब उत्कर्ष चौहान को मिला .इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, प्रेरणा रावत, खेल प्रभारी डॉ .सचिन खंपरिया सहित समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की.



**नवसाक्षर अनीता से कलेक्टर ने लिया ऑटोग्राफ**

**नर्मदापुरम, 26 मई.** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय प्राथमिक शाला ईपीईएस आमूपुरा के दिव्यांग शिक्षक प्रेम सिंह सोनगरा को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्रमाण-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया. प्रेम सिंह सोनगरा अतिरिक्त समय निकालकर लोगों को साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. वहीं अक्षर साथी के माध्यम से साक्षर हुई अनीता यादव, जो वर्तमान में स्व-सहायता समूह का सफल संचालन कर रही हैं, को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया .अनीता की उपलब्धियों और आत्मविश्वास से प्रभावित होकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अपनी डायरी में उनके ऑटोग्राफ भी लिए, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बना. बैठक के दौरान कलेक्टर ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अभियान को और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सामाजिक चेतना केंद्रों एवं अध्ययन केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए.

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुए कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 26 मई. पश्चिम मध्य रेल के भोपाल रेल मंडल में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जन-जागरूकता को लेकर व्यापक गतिविधियों का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में किया. इसके तहत मंडल के विभिन्न स्टेशनों, शेड और रेलवे स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित कर रेल कर्मियों, विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक किया गया.**

इटारसी स्टेशन पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया.इसके तहत प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, ट्रैक्स, यार्ड, वॉटर बूथ और नालियों की व्यापक सफाई कर यात्रियों को स्वच्छ रेल परिसर का संदेश दिया गया. डीजल लोको शेड, इटारसी में शेड की सांस्कृतिक समिति ने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया.इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीजल) पीएस रघुवंशी सहित कई रेल अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे.पश्चिम मध्य रेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल न्यू यार्ड के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदूषण को दूर करो, पर्यावरण को बचाओ का नारा बुलंद किया और प्रकृति संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया.

# नपा अध्यक्ष ने वार्डों में किया निरीक्षण

▸ पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई का लिया जायजा

**इटारसी, 26 मई.नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मंगलवार को विभिन्न वार्डों का दौरा कर नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने वार्ड 24 एवं 25 में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और बारिश पूर्व जल निकासी की तैयारियों का जायजा लिया.**

इसके अलावा वार्ड नंबर 33 में बेरीबाबा क्षेत्र की बंद पड़ी मोटर को पुन: चालू करवाकर नागरिकों को बड़ी राहत दिलाई. निरीक्षण के दौरान उनके साथ पार्षद शुभम गौर, पार्षद प्रतिनिधि शहबाज बेग एवं वार्ड 33 से पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया उपस्थित रहे.

वार्ड 24 में सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित मुकद्दम को सख्त चेतावनी देते हुए नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने, कचरा कलेक्शन गाड़ियों की निगरानी करने तथा छोटी नालियों की बारिश पूर्व सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

वार्ड 25 में पेयजल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल विभाग को निर्देशित किया गया कि जहां भी पानी की आवश्यकता हो वहां त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. ट्यूबवेल की स्थिति की जानकारी लेते हुए पम्प ऑपरेटर को इस प्रकार वॉल्व संचालन करने के निर्देश दिए गए कि पानी अंतिम छोर तक सुचारू रूप से पहुंच सके. साथ ही बारिश के मौसम को देखते हुए जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नाली निर्माण की आवश्यकता वाले स्थानों का निरीक्षण किया गया .नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि शीघ्र ही इंजीनियरों से निरीक्षण कराकर स्थायी निकासी व्यवस्था बनाई जाएगी. इसी क्रम में वार्ड नंबर 33 के बेरीबाबा क्षेत्र की पेयजल मोटर को पुन: चालू करवाया गया. इस अवसर पर वार्ड की मातृशक्ति एवं जल विभाग के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे. नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से आपसी सामंजस्य बनाए रखते हुए बारी-बारी से मोटर चलाकर पानी भरने की अपील की.साथ ही कहा कि मोटर को बीच-बीच में बंद भी करें, ताकि उस पर अतिरिक्त भार न पड़े.

> नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी नागरिकों से शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करें, नालियों में प्लास्टिक एवं डिस्पोजेबल सामग्री न डालें तथा पानी का दुरुपयोग रोककर जल संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाएं .उन्होंने कहा कि जनसहयोग और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी से ही स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित नगर का निर्माण संभव है.

# स्कूलों के 500 मीटर क्षेत्र को बनाया जाएगा नो-ड्रग जोन

▸ मासिक टास्क फोर्स समिति की बैठक में लिया निर्णय



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 26 मई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक टास्क फोर्स 15 समितियों की बैठक आयोजित की गई.. इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, वनमंडलाधिकारी ज्योति मुड़िया सहित समितियों के सदस्य उपस्थित थे.**

इस दौरान कलेक्टर ने रोस्टर बनाकर नगरीय क्षेत्र का अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये.साथ ही कहा कि रोस्टर अनुसार दिन तय कर नगरीय क्षेत्र में पॉलिथीन के उपयोग को हतोत्साहित किया जाए.

पुलिस अधीक्षक शशांक ने निर्देश दिये कि जिले के सभी स्कूलों के 500 मीटर क्षेत्र को नो-ड्रग जोन बनाया जाए.उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लगाने के लिये भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं.हाई-वे पर दोपहियां वाहन चालकों द्वारा अनिवार्य रूप से हेल्मेट लगाये जाने के लिये अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिये.बैठक में हाई-वे के किनारे से सख्ती से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिये गये.साथ ही वन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के लिये भी सख्ती से कार्यवाही करने के लिये कहा गया.इस दौरान सवारी वाहनों की जांच के लिये भी जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया.साथ ही तेज आवाज करने वाले मोटर साइकिल चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये.

कलेक्टर ने शासकीय अधिवक्ता से कहा कि पुराने प्रकरणों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की जाए. बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों द्वारा तम्बाखू निषेध एवं तम्बाखू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ ली गई.



# खेलों से आत्मविश्वास बढ़ता है : सुभाष भाई

▸ खिलाड़ियों के व्यक्तित्व विकास के लिए सेमिनार

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 26 मई. खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'आरोह 2026' ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण हेतु एक विशेष प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया. ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों को शारीरिक दक्षता के साथ मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक रूप से भी सशक्त बनाना था.**

ब्रह्मकुमारीज से पधारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मोटिवेशनल वक्ता बी.के. सुभाष भाई ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शरीर को मजबूत बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच एवं चरित्र निर्माण की श्रेष्ठ पाठशाला है. उन्होंने कहा कि खेल में वास्तविक जीत केवल शारीरिक शक्ति से नहीं, बल्कि अच्छे व्यक्तित्व, दृढ़ मनोबल एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से प्राप्त होती है.

### तनाव मुक्त रहने के गुरु बताए

ब्रह्मकुमारीज से पधारे बी.के. राजेश भाई ने मेडिटेशन एवं सकारात्मक चिंतन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक सफल खिलाड़ी वही होता है जो खेल मैदान के साथ-साथ अपने व्यवहार, व्यक्तित्व एवं नैतिक मूल्यों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करे .उन्होंने खिलाड़ियों को तनावमुक्त एवं एकाग्रचित्त रहने के लिए नियमित राजयोग मेडिटेशन अपनाने की प्रेरणा दी .इस अवसर पर बीके किरण दीदी एवं बीके भव्यता दीदी ने खिलाड़ियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया तथा मन को शक्तिशाली एवं स्थिर बनाने की अनुभूति कराई. सेमिनार में हाकी कोच संदीप सौदे, फुटबॉल कोच इमरान खान, अजय पुरवइया, एथलेटिक्स कोच सानू पाराशर सहित खेल प्रशिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे .कार्यक्रम के अंत में समस्त खेल प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने प्रेरणादायी मार्गदर्शन के लिए मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त किया.

**क्रिकेट** ▸ विवेक वर्मा, रोहित यादव और संदीप बर्से को चुना गया प्लेयर ऑफ द मैच

# इटारसी प्रीमियर लीग में देखने को मिले तीन रोमांचक मुकाबले

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 26 मई. इटारसी क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इटारसी प्रीमियर लीग में सोमवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए. लीग के तीनों मैचों में खिलाड़ियों ने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीमों को जीत दिलाई. विवेक वर्मा, रोहित यादव और संदीप बर्से को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना**



दिन के एक मुकाबले में दुबे इवेंट्स अवेंजर्स ने बी बॉयज आदर्श क्लब को 69 रनों के भारी अंतर से शिकस्त दी.पहले बल्लेबाजी करते हुए दुबे इवेंट्स ने निर्धारित 8 ओवरों में 3 विकेट खोकर 117 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया.टीम के लिए विवेक वर्मा ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 24 गेंदों में 54 रन बनाए.वहीं अंकित यादव ने 16 गेंदों में 43 रनों की तेज पारी खेली.बी बॉयज की ओर से शिवा यादव ने 4 रन देकर 2 विकेट लिए.बी बॉयज आदर्श क्लब की पारी : 118 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बी बॉयज आदर्श क्लब की टीम दुबे इवेंट्स के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह लडखड़ा गई और 7.2 ओवरों में महज 48 रनों पर ऑलआउट हो गई.नीलेश भट्ट ने सर्वाधिक 18 रन बनाए.दुबे इवेंट्स के गेंदबाज दिव्यम चौरे ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जबकि अमन चौरे और जितेंद्र सिंह चौहान को 2-2 विकेट मिले. दूसरे मुकाबले में जीनियस सुपर किंग्स और रिलायबल ग्रुप के बीच टक्कर हुई, जिसमें जीनियस सुपर किंग्स ने बाजी मारी. पहले बल्लेबाजी करते हुए रिलायबल ग्रुप की टीम 8 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 55 रन ही बना सकी.टीम की ओर से शेखु खान ने 21 रन और हेमंत रायकवार ने 10 रन बनाए.जीनियस सुपर किंग्स के गेंदबाज सचिन यादव, रोहित यादव और उदय ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट झटके. 56 रनों के लक्ष्य को जीनियस सुपर किंग्स ने 6.1 ओवरों में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया. जैकी ने 12 रन, सचिन यादव ने नाबाद 9 रन और उदय ठाकुर ने नाबाद 7 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई.रिलायबल ग्रुप की तरफ से लव दुबे और अमन लालवानी ने 2-2 विकेट लिए.प्लेयर ऑफ द मैच रोहित यादव रहे. उन्होंन शानदार गेंदबाजी कर 2 विकेट लिए.

### तीसरे मैच में संस्कार सुपर जाइंट्स जीता

तीसरे मैच में पहले बैटिंग करने उतरी इंडियन फाइटर्स की टीम ने 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 69 रन बनाए .राहुल कुमार ने 26 रन और गुरुचरण ने 21 रनों का योगदान दिया .संस्कार सुपर जाइंट्स के गेंदबाज संदीप बर्से ने किफायती व मारक गेंदबाजी करते हुए मात्र 2 रन देकर 3 विकेट चटकाए .मोंटी कैथवास को 2 विकेट मिले. 70 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार सुपर जाइंट्स की टीम ने विवेक विश्वकर्मा की धमाकेदार पारी की बदौलत 5 .2 ओवरों में ही 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया .विवेक विश्वकर्मा ने मात्र 17 गेंदों में नाबाद 43 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली .सतपाल सिंह ने 14 रन बनाए .इंडियन फाइटर्स के अमित सुलेकिया ने 2 विकेट लिए. प्लेयर ऑफ द मैच संदीप बर्से रहे. उन्होंने 3 विकेट लिए.